साप्ताहिक

पृथ्वी पर हम सब समय माया के यात्री हैं

समय माया

R.N.I. No.: MP/HIN/2006/20685

प्रधान संपादक- अजमेरा एस.पी. कुमार
B.COM., M.A., LLB, CAIIB, DLLLW&PM

Webite: www.samaymaya.com
Email: samaymaya@gmail.com
samaymaya@rediff.com

Cell: +91 9425125569
+91 9479535569

(C) All Copyrights reserved with chief editor, do not publish any matter without prior written permission

In case of any dispute, may be solved only in Indore Court Jurisdiction

वर्ष 17 | अंक 38 | प्रति सोमवार इंदौर, 22 अप्रैल से 28 अप्रैल 2024 | पृष्ठ 8 | मूल्य 5/- रुपए

ईरान पर इजरायल ने किया हमला

इस्फ़हान शहर में मिसाइलों से धमाके

रिपोर्ट्स में कहा गया है, ईरान के कई शहरों में धमाकों की आवाज सुनी है. एबीसी न्यूज ने ईरान में मिसाइलों से हमला करने की रिपोर्ट दी है, ईरान के राज्य टीवी ने इस्फ़हान में विस्फोटों की रिपोर्टिंग की गई है.

इसराइल की ओर से ईरान पर हमला किए जाने की खबर है. रिपोर्ट्स में कहा गया है, ईरान के कई शहरों में धमाकों की आवाज सुनी है. रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान के **Isfahan** शहर में हमला किया गया है. खबरों में ईरान के न्यूक्लियर प्लांट पर मिसाइल दागे जाना का दावा किया जा रहा है.

किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है. न ही ईरान की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया आई है. दमिश्क में ईरान के वाणिज्य दूतावास परिसर पर इजरायली हमले के बाद पिछले शनिवार को ईरान ने भी ड्रोन और मिसाइलों की बौछार की थी. जिसके बाद इजरायल ने जवाब देने का वादा किया था.

इस्फ़हान शहर के पास नटान्ज़

संयुक्त राज्य अमेरिका और कई यूरोपीय देश इज़राइल से ईरानी हमले का जवाब नहीं देने की लगातार कोशिश कर रहे हैं. ईरान में जहां हमला हुआ वह इस्फ़हान शहर रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण शहर माना जाता है. इसके पास नजदीकी शहर नटान्ज़ ईरान के **nuclear enrichment** में से एक का है.

कॉमर्शियल फ्लाइट्स ने शुक्रवार की सुबह बिना किसी स्पष्टीकरण के पश्चिमी ईरान में अपने रूट्स को डायवर्ट शुरू कर दिया. क्योंकि ईरान में अर्ध-आधिकारिक फ़ार्स समाचार एजेंसी ने कहा कि इस्फ़हान शहर में 'विस्फोट' सुना गया है.

अपनी रक्षा के लिए फैसला खुद

ईरान के जवाबी हमले के बाद से ही इजरायल लगातार यूएन में इस मुद्दे पर बात कर रहा है. इजरायलल से अमेरिका ने कहा था कि वह अब ईरान पर फिर से हमला न करे, लेकिन इजराइल केल पीएम नेतन्याहू ने कहा था कि वे सभी की सलाह सुनेंगे लेकिन फैसला अपनी रक्षा के लिए खुद करेंगे. दूसरी ओर ईरान ने जब इजरायल पर जवाबी हमला किया था तो उसने अपनी बात रखते हुए कहा था कि यह हमने अपनी आत्मरक्षा में किया है. क्योंकि पहले इजरायल ने सीरिया में मौजूद ईरान के दूतावास के परिसर पर हमला कर दिया था.

इसके बाद फिर से ईरान के विदेश मंत्री होसैन आमीर-अब्दुल्लाहियन ने इजरायल को ईरानी हितों को निशाना बनाकर कोई भी सैन्य कार्रवाई करने के खिलाफ चेतावनी दी थी.

भारत आपने नागरिकों निकालेगा

ईरान और इज़राइल के बीच बढ़ते तनाव के बीच भारत आपने नागरिकों की निकासी के लिए गम्भीरता से विचार कर रहा है. वायुसेना और नौसेना के साथ भी विदेश मंत्रालय सम्पर्क में है.

वे इज़राइल से 1 अप्रैल को दमिश्क में एक वरिष्ठ ईरानी जनरल की इज़राइल द्वारा हत्या के साथ शुरू हुई घटनाओं की खतरनाक श्रृंखला के तहत एक रेखा खींचने का आग्रह कर रहे हैं।

इज़राइल पर हमास के हमलों के छह महीने से अधिक समय बाद, गाजा में युद्ध जारी है और यह लेबनान-इज़राइल सीमा के दोनों ओर और खाड़ी तक फैल गया है।

डर यह है कि मध्य पूर्व वैश्विक और क्षेत्रीय खतरों के साथ चौतरफा युद्ध के कगार पर है।

इस्फ़हान में जो कुछ हुआ, ईरानी उसके महत्व को कम कर रहे हैं। **(शेष पेज 6 पर)**

लोकसभा के प्रथम चरण में 102 सांसदों के लिए मतदान हुआ

आखिर इवीएम में मदरबोर्ड क्यों?

जितने लंबे समय तक मशीन स्ट्रांग रूम में बंद, ज्यादा जालसाजी मेमोरी कार्ड जैसी चिप से भी गणक व संग्रहक का कार्य संपन्न हो सकता है

भारत में चुनावों के लिए उपयोग की जा रही अत्यधिक आपवादिक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पूर्णता दर्शाती युक्त होने के साथ जी चुनाव कार्य को करवाने के लिए मात्र साधारण कैलकुलेटर की तरह की छोटी सी मेमोरी कार्ड बराबर चिप से पूरी मशीन सही परिणामों के साथ चलाई व बनाई जा सकती थी। पर उसमें मदर बोर्ड लगाकर उसमें जीपीआरएस जीपीएस वायरलेस वी-फी ब्लूटूथ क्यों लगाए गए और उसे कहीं से भी संचालित करने की क्षमता क्यों विकसित व लगाई गई जिसका उद्देश्य ही जलसा जी कर चुनाव परिणामों को बदलना था। मदरबोर्ड लगा होने के कारण उसमें आसानी से निर्वाचन अधिकारी मदरबोर्ड के जरिए प्रोग्रामिंग करके उसको निर्देशित कर सकता है कि पहले सो वोट जिसमें 50 की जांच की जाएगी सही तरीके से डालना उसके बाद में हर तीन वोट में से दो वोट इच्छित को देना। बटन दबाने पर वीवी पेट प्रिंटिंग मशीन



मतदाता को वही दिखाएंगे जिस पर उसने बटन दबाया है परंतु वोट वह सॉफ्टवेयर की प्रोग्रामिंग के अनुसार, सत्ताधीश दल के प्रत्याशी को ही देगी। दूसरी तरफ यदि मतदान के समय सफल नहीं भी हो पाए। तो चुनाव आयुक्त मतदान के जिस षड्यंत्र कारी तरीके से साधनों का अभाव बताकर तारीखे सत्ताधीश दल की इच्छा अनुसार निर्धारित करने के साथ जो मतदान पूरे देश में 15 दिन में करवाया जा सकता है उसे दो से तीन महीने तक लंबा खींचकर हारने वाली सीटों पर प्रथम चरण में ही मतदान करवा लिया जाता है **(शेष पेज 3 पर)**

इंदौर नगर निगम में हर विभाग में है भारी भ्रष्टाचार

निगम में हजार करोड़ से ज्यादा हजम करते हैं नेता, अधिकारी, कर्मचारी

कलेक्टर आयुक्त से लेकर दैवेभो तक की हर कार्य में हिस्सेदारी, 28 करोड़ तो तिनका भी नहीं

इंदौर नगर निगम में नाला पाटने के नाम पर जो 28 करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार सामने आया है यथार्थ में यह हर वर्ष होने वाले भ्रष्टाचार का एक तिनका भी नहीं। जबकि वहां तो हर विभाग में हर कदम पर भ्रष्टाचार की फसल हर काम में शिकायत आने, करवाने के बाद पार्षद व उसके चेलों द्वारा प्रस्ताव बनाने, पास करवाने डीपीआर बनाने से लेकर निविदाये जारी करने निविदाएं भरने, कार्यादेश करने से लेकर साइट खाली करवाने कार्य शुरू करने संपन्न करने के बारे में वहां के उप यंत्री सहायक यंत्री द्वारा कार्य की देखरेख फर्जी ना पुस्तिकाएं भरने, निरीक्षण करने बिल बनाने भुगतान करने तक में निश्चित प्रतिशत के हिसाब से वसूली कि फसलें काटी जाती रहती हैं। सबका यह दैनिक वेतन भोगी संबंधित कर्मचारी बाबू अधिकारियों से लेकर

सहायक उप व निगम आयुक्त से कलेक्टर संभागीय आयुक्त पार्षद महापौर से लेकर छोटे भैया गली मोहल्ले के नेताओं तक धन वितरित होता रहता है। जहां-जहां जिस स्तर पर जिसके हस्ताक्षर की चिड़िया बैठाने की क्षमता होती है। धन वितरित होता रहता है। 50000 करोड़ रुपए से ज्यादा के इंदौर नगर निगम के बजट में सही मायने में 10 से 40% और कई कार्यों में 100% तक का पूरे फर्जी बिलों के माध्यम से भ्रष्टाचार किया जाना बहुत मामूली खेल होता है और यह कहानी इंदौर नगर निगम की ही नहीं प्रदेश की सभी नगर निगमों पालिकाओं परिषदों तक की होती है वहां पर आने वाले जितने भी सरकारी कर्मचारी अधिकारी प्रतिनियुक्ति पर भेजे जाते हैं।

(शेष पेज 2 पर)

साप्ताहिक समय माया

संपादकीय

वाचालता का बोलवाला, सच्चों को जेल का निवाला

प्रकृति में वाचालता वैसे तो नारियों का स्वाभाविक गुण है। परंतु नरों में यह कम ही पाई जाती है। वर्तमान में देश की सत्ता पर वाचालों ने अपनी वाचलता से जनता को दिवा स्वप्न दिखा बड़े लंबे चौड़े झूठे वादेकर सत्ता तो हथिया ली थी। पर सत्ता चलाने और वाचालता में कहीं कोई संबंध नहीं होता। वाचालता आभासी तात्कालिक रूप से अपने भाषणों में श्रुतम को भ्रमित कर दिवस स्वप्न दिखा लंबे चौड़े वादे कर 15 लाख सबके खाते में डालूंगा। अच्छे दिन आ जाएंगे। की भ्रमित आम निर्धन जनों को प्रसन्न करने की हुंकारने की वाणी तालियां ठुकवा सकती है। लोगों को भ्रमित कर चंद पलों के यह कृत्रिम मस्तिष्क में स्पंदन पैदा कर जनता को नये कल्पना लोक में धकेल कर एक दो बार मत प्राप्त कर सत्ता दिलवा सकती है। बार-बार नहीं। दूसरी तरफ यथार्थ में वाचाल व्यक्ति के व्यक्तित्व में जाहिलता, मौज मस्ती दिखावे के साथ, अपराध करने उन अपराधों, झूठों से दिमाग हटाने, लोगों को बातों में उलझाने, अपनी खोखली शान बघारने, अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करने के अहंकार की मानसिकता कूट-कूट कर भरी होती है।

उसके लिए आम नागरिकों पर लागू होने वाले कोई कानून लागू नहीं होते उसके अपने कानून होते हैं। अपनी दिनचर्या जिसमें अहंकार, श्रेष्ठता, शक्ति का प्रदर्शन, करने के लिए बार-बार वस्त्र बदलना अच्छा महंगे से महंगा भोजन करना, घूमने फिरने के दिखावे के लिए उसके पास अच्छे से अच्छे वाहन, कारें हवाई जहाज हो, उसके लिए वह चारों तरफ ऐसे दिखाए को स्वीकार करने और तारीफ करने वाले जालसाज पूंजीपति अधिकारी चारों तरफ हूं जो उसकी निचली गंदी सोच का फायदा उठा अपने तरीके से उसके सामने टुकड़े डालकर उसके अहंकार को पूरा करते हैं और बदले में बड़े-बड़े संसाधनों पर अपना कब्जा कर लेते हैं। पर उसे यह सब करने में आत्यधिक आनंद आता है। उसकी आंतरिक की इच्छा सदा यह रहती है। क्यों है अपनी हर नौटंकी कैमरे पर जनता को दिखाएं। उसे हर वक्त अपनी नौटंकी को जनता को दिखाने के लिए कैमरामैनों की जरूरत होती है। भले ही वह वास्तविकता में घोर दुर्जन, अपराधिक डकैत लूटेरा हो। पर जनता इस सच को ना समझे। वह उसके वाचालता के लच्छेदार मनभावन चितचोर प्रवचनों, भाषणों में उलझी रह बस उसकी प्रशंसा देखी और करती रहे।

भले ही देश की जनता यथार्थ में फटे कपड़ों में बेरोजगारी से भूखी सोती रहे की गंदी और छोटी सोच जैसा कि आप वर्तमान में देख रहे हैं। दूसरी तरफ ऐसे वाचाल जाहिल पाखंडी स्वाभाविक है। आंतरिक रूप से बहुत कमजोर टूटा हुआ और डरपोक होता है। इसलिए उसे अपने सच से बहुत डर लगता है। वह अपने चारों तरफ छल, बल, दल से साम, दाम, दंड भेद की नीति पर चल अपनी चारों तरफ अपनी झूठी प्रशंसा करने वाले भांड भड़वे पत्रकारों, मिडिया चैनलों को पाल पोसकर जनता को अपनी प्रशंसा के बारे में सुनाता समझाता रह अपने सारे अपराधों कुकर्मों लूटने बर्बाद करने के सद्कर्मों को दबाता छुपाता रहता है। जो उसका सच बताते हैं। उन्हें वह शक्ति और छद्म श्रेष्ठता के दम पर षड्यंत्र में फंसा कर जेल का निवाला खाने के लिए मजबूर कर देता है। जैसा कीदिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ हो रहा है। क्योंकि दिल्ली का मुख्यमंत्री है। इसलिए उसे अपने शक्ति प्रदर्शन में जो हथियार अधिकार अपनी वाचालता से सत्ता के साथ मिले हैं उनका दुरुपयोग करना अपने सच बोलने वालों को डराना धमकाना ना मानने पर शक्ति का दुरुपयोग कर सरकारी संस्थाओं को निर्देशित कर अपनी वास्तविकता और सच्चाई बताने वालों को उसके दम पर झूठे झूठे आरोप लगाकर कानूनों में उलझा कर आखिर न केवल अरविंद केजरीवाल को जेल में भेज दिया वरुण उसकी पाली पोसी वैधानिक संस्थाओं के न्यायाधीशों पुलिस अधिकारियों को भी सट्टा का दुरुपयोग कर मुंह बंद रखने के लिए जेल में निवाला खाने के लिए मजबूर कर दिया गया है। प्रकृति का नियम है जो प्राणी का जन्म हुआ है उसकी मृत्यु अवश्य होगी। ठीक है, मनुष्य के अतिरिक्त इस कड़वे तथ्य को अन्य प्राणी नहीं समझ सकते हैं। परंतु सत्ता के नशे में चूर पाखंडी मनुष्य जानकार भी अंजान बन करोड़ों लोगों की भूख बेरोजगारी बीमारी की की परेशानियों को दूर रख केवल चारों तरफ अपने प्रकृति और स्वभाव के अनुकूल अपने ही जैसे छद्म छल बल दल के दम से धन सत्ता प्राप्त करने वाले चाटुकारों सेगिरा रहकर अपनी व देश की जनता की बर्बादी में सतत लगा रहता है। बेशक नर को प्रकृति ने बहुत कमजोर बनाया है। जो वाचालों की वाणी में उलझ सब देख सुन समझ और उसके परिणामों की भयंकर पीड़ा भोगने के बाद में भी वाचालों से मुक्त होना नहीं चाहता।

निगम में हजार करोड़ से ज्यादा हजम करते हैं नेता, अधिकारी, कर्मचारी

पेज 1 का शेष

सब दोनों हाथ से मोटी कमाई करके अपने आकाओं को प्रभार शुल्क महीने की किस्त के रूप में भी चुकाया करते हैं। इसलिए किसी की भी भ्रष्टाचार और जालसाजी पकड़े जाने पर ज्यादा हो-हल्ले, यह समाचार पत्रों में ज्यादा छापने हल्ला मचने पर जांच की नौटंकी आवश्य जाती है पर अधिकांश ऐसी जांचो में उन्हें भ्रष्ट अधिकारियों इंजीनियरों डॉक्टरों को ही पदस्थ कर किया जाता है। जिनके अंतर्गतवह कार्य खरीदी आदि संपन्न की जाती है स्वाभाविक है ना वह कभी जांच पूरी होती है और ना दोषी कर्मचारी पकड़ में आते हैं हां कहानी यदि सत्र व जिला न्यायालय से उच्च न्यायालयों तक पहुंचती है।

बेशक अपने भ्रष्ट अधिकारियों दलालों के माध्यम से सरकारी वकील जो वर्तमान में स्वयं अब महापौर है। सेटिंग करके तारीखे बढ़वाने मामले को उलझाना, सुनवाई की तारीखें लंबी खींचने झूठे शपथ पत्र देकर फकाकारों से लेकर न्यायालय तक को भ्रमित करना आदि के षड्यंत्रवर्षों से चलते रहे हैं। सैकड़ों करोड़ के भ्रष्टाचार बड़े निर्माण कार्यों जिसमें गरीबी उपशमन के लिए बनाए जाने वाले गरीब, मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री आवास योजना की जमीनों से लेकर निर्माण कार्यों में 10 से 30-40% तक का भ्रष्टाचार किया जाना जो सैकड़ों करोड़ की योजनाएं होती हैं बहुत स्वाभाविक सी बात है ऐसे ही आपने देखा 1200 करोड़ रुपए तो केवल खान नदी की सफाई एसटीपी का निर्माण नालों की सफाई नालियां बिछाना आदि के नाम पर हजम कर लिए गए जबकि पिछले 25 सालों में नालियों के निर्माण बचने स्ट्रांग वाटर लाइन डालने के नाम पर लगभग 5000 करोड़ रुपए बर्बाद कर दिया गया। नालियां बिछाने सड़के खोदने बनवाने के कार्य जो यथार्थ में पार्षदों उनके चेलो से लेकर ठेकेदारों इंजीनियर अधिकारियों बाबूओं पिछले 25-30 सालो से सबसे ज्यादा दुधारू गाय है। हजारों करोड़ के ठेके भी हुए। जिसे बड़ी-बड़ी कंपनियों ने लेकर बिना शहर के कांटूर व टोपो मैप को देखे, पुराने नक्शा के आधार पर बनाई गई 47 के पहले की नदी नालियों से लेकर वर्तमान तक किसने कहां पर कितने नालियां बिछाई कौन सी नाली कहां बिछी है या स्टार्म वाटर लाइन डाली हुई है बिना ध्यान में रखें सबको भ्रष्टाचार के हिसाब से उनके ही खास छोटे-छोटे पार्षदों ठेकेदारों को देखकर काम करवा कर पूरे शहर को खुदा भी गया।

पाइप लाइन भी डाली गई परंतु आपने देखा कि शहर किया इन पाइप लाइनों पर बनाये गये चैंबर कहां निर्धारित माप के अनुसार बनाया गया और ना ही उनके ढंग से मजबूत ढक्कन लगाए गए आज हालात यह है पूरे शहर के अंदर 20000 से ज्यादा चैंबरों पर लगाए गए ढक्कन सड़कों पर दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं और पानी बरसने पर आधा घंटे की बारिश में ही पूरे शहर को तालाब बना देते हैं। उसके पीछे सारा खेल भ्रष्टाचार का है। फिर भ्रष्टाचार में केवल जनकार्य विभाग ही नहीं जलापूर्ति एवं निकासी, सफाई के नाम भी हर महीने लगभग 2 से 5 करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार दैनिक वेतन भोगी ठेका सफाई कर्मियों आदि के वेतन के भुगतान से लेकर, सफाई में काम आने वाली हार्डवेयर में जबकि स्वयं सफाई कर्मी नौकरी करने के लिए खरीद कर लेकर आते हैं। शहर में मौसम की प्रकोप के कारण होने वाले मच्छरों को साफ करने के लिए भी ठेके की ओर निगम की स्वयं की गाड़ियां डीजल पेट्रोल खर्च करते हुए कर्मचारियों का वेतन सफाई के लिए कीटनाशक आदि का करोड़ो रुपए का भुगतान पर दिखा दिया जाता है जबकि कहीं पर भी धुआं उड़ाने वाली मशीन नजर ही नहीं आती है। में भी हर वर्ष करोड़ो रू कागज में खर्च दिखाकर हजम कर लिए जाते हैं।

फिर डकैतों और जालसाजों की सरकार छोटे-मोटे फकाकारों से लेकर बड़े सच बोलने लिखने वाले फकाकारों के फोनों की जासूसी करवाती है और देखते हैं कि उसके खिलाफ उसका सच कौन बता कर जनता को समझा दिखा रहा है?

परंतु वह अपने ही सरकार के विभिन्न मंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाले विभागों के भ्रष्ट कर्मचारियों, अधिकारियों, ठेकेदारों, आपूर्ति कर्ताओं आदि के नंबरों की टेपिंग करके सच क्यों नहीं जाना जाता क्यों जनता को 1500 से ज्यादा वस्तुओं में जीएसटी में और नगर निगम के कारों की तो आप जानते हैं की भरमार लगी हुई है हर बात में टेक्स्ट ठोक कर जनता को लूटती है आखिर उसे लूट हुई टैक्स का सूचना के अधिकार में पारदर्शिता के अंतर्गत अपनी सीटों पर अपलोड क्यों नहीं किया जाता इसलिए ना ताकि सभी भ्रष्टाचार के हमाम स्नान तो पूरा करें पर जनता को ना दिखे।

आयुक्त का दिखावे का कड़ा रुख

निगम को आर्थिक हानि पहुंचाने वाली कोई भी फर्म, एजेंसी अथवा अधिकारी या कर्मचारी को बक्शा नहीं जायेगा, कड़ी से कड़ी कार्यवाही होगी

■ कूटरचना करते हुए निगम को आर्थिक क्षति पहुंचाने वाली फर्म एवं उनके प्रोपराइटर की अन्य समस्त फर्मो को किया ब्लैकलिस्टेड

■ नगर निगम इंदौर की समस्त निविदाओं एवं कार्यो के साथ ही भुगतान पर लगाई रोक

इंदौर दिनांक 19 अप्रैल 2024। आयुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा निगम को आर्थिक हानि पहुंचाने का प्रयास करने पर कड़ा रुख अपनाते हुए, निगम को आर्थिक क्षति पहुंचाने वाली फर्म एवं उनके प्रोपराइटर की अन्य समस्त फर्मो को किया ब्लैकलिस्टेड करते हुए नगर निगम इंदौर की समस्त निविदाओं एवं कार्यो के साथ ही भुगतान पर लगाई रोक लगाई गई।

आयुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा आदेश जारी करते हुए, नगर पालिक निगम, इंदौर के ड्रेनेज विभाग से संबंधित विभिन्न कार्यो के 20 देयकों की कूटरचना करते हुए नगर पालिक निगम, इंदौर के कोष से राशि रूपये 28.76 करोड का भुगतान प्राप्त करने के प्रयास के संबंध में निगम स्तर से की गई प्राथमिक जॉच में (1) मेसर्स नीव कंस्ट्रक्शन इंदौर, प्रोप्रा. मो. साजिद, 147, मदीना नगर, इंदौर (2) मेसर्स ग्रीन कंस्ट्रक्शन इंदौर, प्रोप्रा. मो. सिद्दीकी, 147, मदीना नगर, इंदौर (3) मेसर्स क्षितिज इन्टरप्राईजेस प्रोप्रा. श्रीमती रेणु बडेरा, 6, आशीष नगर, इंदौर (4) मेसर्स जहान्वी इन्टरप्राईजेस प्रोप्रा. राहुल बडेरा, 12, आशीष नगर, इंदौर (5) मेसर्स किंग कंस्ट्रशन इंदौर, प्रोप्रा. मो. जाकिर, 147, मदीना नगर, इंदौर को संलिप्त पाया गया है। उपरोक्त घटनाक्रम के अनुक्रम में आयुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा एजेंसियों पर वैधानिक कार्यवाही करते हुए नगर पालिक निगम, इंदौर की ओर से महात्मा गांधी रोड (एम.जी. रोड) थाना इंदौर में दिनांक 16/04/24 को प्राथमिकी (एफ.आई.आर.) दर्ज कराई गई है।

साथ ही इन एजेंसियों एवं इनके प्रोपराईटर्स के उक्त कृत्यों को दृष्टिगत रखते हुए उल्लेखित फर्मो एवं इनके प्रोप्राराईटरशिप / पार्टनरशिप की अन्य समस्त फर्मो को नगर पालिक निगम, इंदौर की समस्त निविदाओं एवं कार्यो के लिये तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित /ब्लेक लिस्टेड करते हुए इनके समस्त भुगतानों पर भी आगामी निर्णय/आदेश तक रोक लगाई गई। विदित हो कि आयुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा निगम को आर्थिक हानि पहुंचाने का प्रयास करने पर कड़ा रुख अपनाते हुए निगम के अधिकारियों अथवा कर्मचारियों की संलिप्तता होने और ई नगर पालिका में प्रविष्टियों के संबंध में आईटी सेल से जांच कराने हेतु अपर आयुक्त श्री सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में जॉच समिति का गठन किया गया है, गठित जॉच समिति में अपर आयुक्त लेखा श्री देवधर दरवई, श्री आर एस देवड़ा सहायक यंत्री, श्री रमेश चंद्र शर्मा सहायक लेखा अधिकारी, श्री अभिनव राय प्रभारी अधिकारी आईटी सेल श्री आशीष तागड़े सहायक लेखापाल श्री रुपेश काले सहायक लेखापाल की गठित की गई।

आयुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा समिति को निर्देशित किया गया कि जॉच में कोई भी दोषी, अपचारी अधिकारी/कर्मचारी जो उपरोक्त प्रकरणों में सम्मिलित है, वह किसी भी कारण से बच नहीं सके तथा दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

मप्र जनसंपर्क के सभी कार्यालय जालसाज डकैतों का अड्डा

सूचना का अधिकार जनसंपर्क कार्यालयों पर लागू नहीं

सहयोगी मध्य प्रदेश माध्यम हर साल करता है हजारों करोड़ के घोटाले

संभागीय जनसम्पर्क कार्यालय, इंदौर (म.प्र.)

क्र. /संजका/सूकाअ/2023-24 इंदौर, दिनांक 29-02-2024

प्रति,
श्री ए पी एस कुमार
क्वाटर 3, एलआईजी, एमआईजी गुरूद्वारे के पीछे
इंदौर

विषय - सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जानकारी प्रदान करने के संबंध में।
सन्दर्भ - आपका आवेदन-पत्र प्राप्ति दिनांक 05.02.2024।

-0-

आपके द्वारा दिया गया सूचना के अधिकार के तहत के आवेदन में चाही गयी जानकारी व्यापक जनहित से जुड़ी हुई नहीं है। आपके द्वारा चाही गई जानकारी पूरी तरह से अस्पष्ट और विशेषीकृत नहीं होकर वृहद स्वरूप की है।

यदि आप दी गई सूचना से संतुष्ट नहीं है या असहमत है तो श्री आर.आर. पटेल, अपीलीय अधिकारी, संभागीय जनसम्पर्क कार्यालय, इंदौर को 30 दिवस की अवधि में 50 रूपये शुल्क के साथ प्रथम अपील प्रस्तुत कर सकते है।

(महिपाल अजय)
लोक सूचना अधिकारी
जनसम्पर्क, इंदौर

संभागीय जनसम्पर्क कार्यालय, इंदौर

क्रमांक 535 /संजका/सूकाअ/2024 इंदौर, दिनांक

प्रति,
श्री ए पी एस कुमार
क्वाटर 3, एलआईजी, एमआईजी गुरूद्वारे के पीछे
इंदौर

विषय - सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के तहत की गई अपील के संबंध में।
सन्दर्भ :- आपका आवेदन-पत्र प्राप्ति दिनांक 11.03.2024।

-0-

सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के तहत आपकी अपील पत्र प्राप्त हुआ है। उक्त अपील का अवलोकन किया गया।

अवलोकन के उपरान्त यह निर्णय लिया जाता है कि लोक सूचना अधिकारी श्री महिपाल अजय द्वारा जो निर्णय लिया गया है, वह उचित है। इसलिये लोक सूचना अधिकारी को किसी प्रकार का आदेश दिया जाना न्यायोचित नहीं होगा।

प्रथम अपील का निराकरण मेरे द्वारा किया गया। मेरे निर्णय से यदि आप संतुष्ट नहीं हैं या असहमत हों तो मुख्य सूचना आयुक्त, मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग, 35-बी भूतल भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल को 90 दिवस की अवधि में 100/-रूपये शुल्क के साथ द्वितीय अपील प्रस्तुत कर सकते हैं।

(आर. आर. पटेल)
अपीलीय अधिकारी
जनसम्पर्क, इंदौर



मध्य प्रदेश की सरकार के जनसंपर्क कार्यालय मे आयुक्त से लेकर सभी संभागो और जिलो मे बैठे संभागीय व जिलो के जनसंपर्क अधिकारी भी अपने आप को सरकार से ऊपर समझते हैं। यहां के घोटाले और जालसाजो के बारे मे पिछले 25 सालो से लगातार छप जाता रहा है और यह हरामखोर भ्रष्टो और जालसाजो डकैतो के अड्डे मे छोटे दैनिक व साप्ताहिक पत्रकारो का घोर शोषण करने के साथ, विज्ञापन देने की बात तो बहुत दूर उल्टे ही वार्षिक फाइले जमा करने, महीने के सभी समाचार पत्र देने पर पूर्णता प्रमाण पत्र देने मे भी पत्रकारों से वसूली की जाती है। बेशक यह हाल पूरे मध्यप्रदेश के सभी जिलो और संभागीय कार्यालयो का भी है।

प्रदेश मे होने वाले सभी प्रकार के कार्यक्रमो अति विशिष्ट व्यक्तियो के आने जाने रहने खाने पीने घूमने मंच लगाने सड़को पर प्रदर्शन करने का सारा का ममध्य प्रदेश जनसंपर्क के अधीन अत्यधिक बदनाम किसी भी शासकीय संगठन के अंतर्गत पंजीकृत नही कार्यरत मध्य प्रदेश माध्यम इन सब कार्यक्रमो के कई गुना ज्यादा कीमत पर अपने खास लोगो को ठेके देने और पूरा करवाने के बाद 30% से 70-80% तक का धन हजम कर जाता है यही कारण की यह हरामखोर कभी भी अपने इस सरकारी कार्यालय का मध्य प्रदेश महा लेखाकार से अंकेक्षण तक नहीं करवाते। और इस प्रकार से सेडमैप की तरह बने इस अवैधानिक गैर सरकारी बने हुए संगठन के माध्यम से पूरे प्रदेश के संभागो और जिलो मे बैठे अधिकारी भी 30 से 50% तक का हिस्सा हजम कर जाते हैं।

यही कारण है की जनसंपर्क की साइट होने के बाद मे भी मध्य प्रदेश मध्य का कोई भी शासकीय दस्तावेज सीटो पर ना तो उपलब्ध होता है ना उसकी निविदाओ, निविदाओ को भरने की जानकारी तक को निविदा की साइट पर नही डाला जाता। किसको कितना कहां कैसा भुगतान किया गया की कोई जानकारी कही पर भी उपलब्ध नही होती और यही कारण है कि वहां बैठा जनसंपर्क का आयुक्त इस मध्य प्रदेश के माध्यम से जो उसका एमडी होता है। हर महीने 10 20 25 करोड़ से लेकर सिंहस्थ जैसे कार्यक्रमो मे हजारो करोड़ हजम कर चुका परंतु उल्टे ही अपनी बदनामी और सियत का भ्रष्टाचार सामने ना आए सब घोर भ्रष्ट जालसाज डकैत शिवराज ने सभी संबंधित अधिकारियो को भ्रष्टाचार करने उनको बचाने के बदले मे मोटा धन वसूल करके पुरस्कार बांट दिए थे।

यही कारण है कि यह हरामखोरो का अड्डा 19 साल के बाद मे भी सूचना अधिकार अधिनियम की धारा 4 और उसके 25 बिंदुओ की जानकारी को अभी तक साइट पर अपलोड नहीं कर पाया। जबकि स्वयं जनसंपर्क कार्यालय एमपी इन्फो के नाम से सभी विभागो की लिंक के साथ मे स्वयं की साइट चलता आ रहा है बेशक जालसाजी और भ्रमित करने वाले अनेको तथ्य वहां मौजूद हैं और कई बार यह भी होता है कि उसकी साइट को क्लिक करो तो दूसरे आने को अन्य साईटो पर पहुंच जाते हैं अधिकांश विभागीय साईटो का भी यही हाल है जहां दिए गए यूआरएल की साइट तो नही खोल वरन वह उठाकर आपको दूसरे अन्य साईटो पर पहुंचा देता है। इंदौर की संभागीय जनसंपर्क कार्यालय मे सूचना के अधिकार में जो पत्र दिया गया था। उसके संबंध मेयहां बैठे संभागीय जनसंपर्क अधिकारी ने जालसाजी पूर्ण तरीके से जवाब देकर और अपील लगाने पर सीधे ही जानकारी न देने और बदतमीजी के साथ चले जाना कि आप सूचना आयोग मे जाइए स्पष्ट करता है कि जनसंपर्क कार्यालयो मे किस प्रकार का भ्रष्टाचार तांडव कर रहा है।

यह उपरोक्त पत्र जनसंपर्क कार्यालय के संभागीय जनसंपर्क अधिकारी इंदौर आर.आर. पटेल का है। जिसे सूचना के अधिकार मे पत्र दिया गया जब उसमे हरामखोर ने अपने लूट डकैती और भ्रष्टाचार को छुपाने केंद्र व राज्य सरकार से प्राप्त आदेश, उनके पालन प्रतिवेदन और कार्यो को संपन्न करने के लिए दिए गए विभिन्न विभागो को आदेश व उनके भुगतान किए गए बिलो की जानकारी मांगने मे उल्टी सीधी दलीलें देकर उसको टालने की कोशिश की गई। तो उसमे अपील लगाई गई और अपील लगाने के बाद मे भी इस हरामखोर संभागीय जनसंपर्क अधिकारी पटेल ने बिना अपील की सुनवाई चाहिए एक तरफा यह जवाब दिया। जैसे सब उनके बाकी जागीर हो कानून उनकी रखैल हो और यह सब भ्रष्टाचार लूट करते रहे और कोई उनसे कुछ ना पूछे और पूछे तो इस प्रकार से बदतमीजी पूर्ण लिखित जवाब दिए जाते हैं।

इस विभाग के बारे मे केवल पत्रकार व सरकारी कर्मचारी और अधिकारी जानते हैं और यह करोड़ो रुपए की लूट हर वीआईपी मूवमेंट मे जिसमे प्रधानमंत्री गृहमंत्री या मुख्यमंत्री के जितने भी मंच लगाने से लेकर गाड़ियां भोजन पानी और सभा स्थल का चयन होते हैं। इंदौर मे इन्वेस्टर मीट जी-20 कार्यक्रम जो हुआ उसमे भी इसमे करोड़ो के कई गुना ज्यादा के मोटा कमीशन वसूल कर चंदन लगाकर हजम किया।

अकेले परिवहन विभाग ही जैसा कि भोपाल के पत्रकार बताते हैं और लिखते हैं और भास्कर ने भी छाप की जो गाड़ियां लगाई गई थी उसमे लूना ट्रक ऑटो के नंबर डालकर भुगतान वसूल कर लिए जाते हैं। ऐसा ही यहां पर व पूरे प्रदेश मे होता है। और यही कारण है कि घोर भ्रष्ट जालसाजी का अड्डा परिवहन कार्यालय व उसके क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी से लेकर नीचे तक बैठे चपरासी बाबू सब अधिकारी आदि की कहानी तो रोज ही समाचार पत्रो में छपती रहती है।

सूचना के अधिकार मे जानकारी मांगने पर और जब अपनी लगाओ तो कलेक्टर जिसकी परमिट बांटने देने और ऐसे कार्यक्रमो में की गई जानकारी भ्रष्टाचार और डकैती मे हिस्सेदारी होती है। वह भी इन को बचाने के लिए अपील का जवाब देने की अपेक्षा दवा छुपा कर रख लेता है।

उसमे कई सारे काम जो लोक निर्माण विभाग बेरीकेडिंग हेलीपैड निर्माण व अन्य प्रकार की व्यवस्था मे, पुलिस सुरक्षा मे अपनी जवान लगाने के साथ-साथ यह हरामखोर भी निजी सुरक्षा एजेंसियो का बड़ा ठेका देकर मोटी हिस्सेदारी करते हैं। कलेक्ट्रेट खाद्य एवं औषधि, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, परिवहन विभाग नगर निगम के अधिकारियो व अन्य संबंधित विभागो को आदेश देकर काम करवाता है। और उन कार्यो के बिलो के भुगतान मे 30 से 60 70% तक की कमीशन खोरी करके हजम कर जाता है। कार्य तो और भी करता है उसके बारे मे बाद मे बात की जाएगी। इस प्रकार हर वर्ष मे लगभग 5 से 10 करोड़ के जितने ज्यादा वीआईपी मूवमेंट होते हैं उसी तरह इन हरामखोरो की कमाई होती है। जब इस हरामखोर जालसाज से जानकारी मांगी गई तो जानकारी तो नही दी गई। दलील मे अपील लगाई गई तो यह घोर भ्रष्ट जालसाज लिखता है कि आप सीधी अपील राज्य सूचना आयोग को कर दो ताकि दो-तीन साल तक उस अपील की सुनवाई नही होगी और यह आराम से यहां से खा पीकर हाथ पोंछ कर निकल जाएगा दूसरी तरफ समाचार पत्र वाले छोटे पत्रकारो को यह हरामखोर किस प्रकार परेशान करते हैं। इसका आप लोगो को अंदाजा नही होगा यहां पिछले 6 महीने से समाचार पत्र भेज रहा हूं उसके पूर्णता के प्रमाणीकरण का पात्र नहीं दे रहा है।

और पैन कार्ड की कॉपी मांग रहा है आखिर आय ही नही तो किस प्रकार का आयकर भुगतान और क्यो आयकर भुगतान फिर पैन मे आपको आधार कार्ड चाहिए और आधार कार्ड से आप जान रहे हैं आधार कार्ड पैन कार्ड से सभी के खातो मे कैसी खुली डकैती डाली जा रही है और यह हरामखोर बहुराष्ट्रीय कंपनियो के रखैले जनता का डाटा इकट्ठा करने के बहाने उन सब कुछ जासूसी करके परेशान करने से भी बाज नही आते हैं इसकी भी सबको जानकारी है और निरंतर समाचार पत्रो मे प्रकाशित होता रहता है।पर यह उसे पर रोक नही लगा पाए और जहां तक मोदी का सवाल है तो उसे बहुराष्ट्रीय कंपनी के रखैले ने जनता के डाटा को बहुराष्ट्रीय कंपनियो को बिकवाने के लिए भी पूरे षड्यंत्र कर दिए।

बिना पैन कार्ड के आपके अखबार स्वीकार नही किए जाएंगे जबकि मेरा समाचार पत्र पिछले 25 सालो से छप रहा है। पर क्योंकि मैं कड़वा सच जो सरकार के विरुद्ध होता है लिख देता हूं इसलिए मुझे आज तक 25 सालो मे कोई भी सरकारी विज्ञापन नही मिला और दूसरे विज्ञापन लेने के इच्छुक होते हैं।

उनको बाकायदा भोपाल जाकर 25 से 50% खर्च करना पड़ता है तब उनको विज्ञापन मिलते हैं। और उनके भुगतान मिलते हैं। वैसे भी आप जानते हैं मध्य प्रदेश का जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय और वहां बैठे आयुक्त से लेकर नीचे तक सारे घोर कितने भ्रष्ट हैं।

कैसे बड़े समाचार पत्रो को लगातार करोड़ो के विज्ञापन देकर उनका मुंह बंद रखते हैं। छोटे पत्रकारो को डराया धमकाया चमकाया जाता है। यह किसी से छुपा नही और जहां तक जनसंपर्क अधिकारी का सवाल है तो वह तो कलेक्टर से भी ऊपर अपने आप को समझता है। क्योंकि उन सब की रिपोर्ट नियमित बनकर वही भेजता है। बेशक इन सारे हरामखोर जालसाजो को उनकी जालसाजी के लिए सत्र एवं जिला न्यायालय मे धारा 120 बी 217 218, 196, 197, 415, 420 आदि मे खड़ा करके सजा दिलवाई जा सकती है।

आखिर इवीएम में मदरबोर्ड क्यों?

पेज 1 का शेष

ताकि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को आसानी से उसके गुप्त संख्या को मिलकर कही से भी चुनाव परिणाम बदले जा सके और बदले जा रहे हैं पिछले विधानसभा और लोकसभा के चुनाव मे यह पिछले 10 सालो मे सिद्ध हो चुका है। बेशक यह स्थिति एकदम स्पष्ट ना हो जाए इसलिए पांच विधान सभा चुनाव मे दो कम सबसे कमजोर व सत्ताधारी दल के विपरीत जाने वाले राज्यो को छोड़कर तीन राज्यो को जहां जनता आक्रोश व्यक्त नही करेगी और परिणामो को चुपचाप किस्मत मानकर स्वीकार कर लेगी जीत लिया जाता है। जैसा की हर वर्ष देश के विभिन्न राज्य में होने वाली चुनावो मे पिछले 10 साल से हो रहा है। हाल ही मे 19 अप्रैल को हुए 102 लोकसभा सीटो के चुनाव मे भी पूर्व 2014 और 19 की तरह पुनर दोहराने का षड्यंत्र किया जा रहा है। बेशक पूरे देश की जनता मे 90% जनता भाजपा के 10 साल के क्रियाकलापो से भारी बेरोजगारी भुखमरी बीमारी का सामना करने के कारण हैरान परेशान होने के साथ मोदी को हटाना चाहती है।

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के खिलाफ पूरे देश मे माहौल बना पर सर्वोच्च न्यायालय जैसी संस्था मे भी अपने खास न्यायाधीश के पदो पर बैठाकर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के साथ गिरने वाली पर्ची को मतदाता की संतुष्टि के बाद अलग से पेटी मे डालकर दिलवाने की याचिका को भी जानबूझकर मई की तारीख दे दी गईजब तकदो चरणो के मतदान हो चुके होंगे और मतदाता को यदि सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की आत्म जागृत हुई और यह अधिकार दे दिया गया तब तक आदि से ज्यादा सीटो पर चुनाव हो जाने के कारण सत्तारूढ़ दल का पलड़ा भारी हो जाएगा। यही कारण है की खुले मे सत्ताधीश दल के नेता जो इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन बदलने से लेकर गायब करने नही रखना क्यो मशीनो मे दिल भी समय तक स्ट्रांग रूम मे बंद रहने के कारण इच्छा अनुसार परिणाम प्राप्त कर लेते हैं खुले मे दबे के साथ बोलते हैं कि जब तक ईवीएम है। भाजपा को कोई नही हरा सकता और यही कारण है की स्वयं प्रधानमंत्री अपने जालसाजी और षड्यंत्र के दम पर खुले मे 400 पर का नारा लगवाते हैं। चाहे जनता मोटे कमीशन पर बहुराष्ट्रीय कंपनियो के मोटे फायदे व उनके व्यावसाय को चलाने के लिए देश पर थोपी गई बेरोजगारी गरीबी भुखमरी बीमारी अशिक्षा महंगाई आदि से कितनी भी परेशान हो? इससे सत्तारूढ़ दल को कोई फर्क नही पड़ता दूसरी तरफ भाजपा की पितृ संस्था का 1930 मे तैयार किया गया एजेंडा की 95% लोगो को रोजगार गरीब भूखा रख रु.1 किलो का गेहूं रु. 2 किलो का चावल का एक वक्त का भजन खिला गुलाम बना सत्ता मे रहने अपने फायदे के लिए उपयोग करते रहो का एजेंडा अक्षर साहब पालन किया जा रहा है नीचे देखो किस प्रकार से 19 अप्रैल को हुए मतदान मे कहां कितना कैसा मतदान हुआ।

हनुमान जी को शिवजी का ग्यारहवां अवतार माना जाता है। हिन्दू मान्यतानुसार रुद्रावतार भगवान हनुमान माता अंजनी और वानर राज केसरी के पुत्र हैं। हनुमान जी की जन्मतिथि पर कई मतभेद हैं लेकिन अधिकतर लोग चैत्र शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को ही हनुमान जयंती के रूप में मानते हैं। हनुमान जी के जन्म का वर्णन वायु- पुराण में किया गया है।

हनुमान जयंती के दिव्य और

अचूक टोटके

वर्ष 2024 में हनुमान जयंती अप्रैल महीने की 23 तारीख को मनाई जाएगी। हनुमान जी की पूजा हनुमान जयंती के दिन प्रातः काल सभी नित्य कर्मों से निवृत्त होने के बाद हनुमान जी की पूजा करनी चाहिए। पूजा में ब्रह्मचर्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। हनुमान जी की पूजा में चन्दन, केसरी, सिन्दूर, लाल कपड़े और भोग हेतु लड्डू अथवा बूंदी रखने की परंपरा है।

हनुमान जयंती के टोटके विशेष फल प्रदान करते हैं। हनुमान जयंती का दिन हनुमानजी और मंगल देवता की विशेष पूजा का दिन है। यह टोटके हनुमान जयंती से आरंभ कर प्रति मंगलवार को करने से मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। इस युग में हनुमानजी की पूजा सबसे जल्दी मनोकामनाएं पूर्ण करने वाली मानी गई है।

- मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति की सेवा हनुमान जयंती के दिन और बाद में महीने में किसी भी एक मंगलवार को करने से आपका मानसिक तनाव हमेशा के लिए दूर हो जाएगा।
- हनुमान जयंती पर और बाद में साल में एक बार किसी मंगलवार को अपने खून का दान करने से आप हमेशा दुर्घटनाओं से बचे रहेंगे।
- 'ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः' मंत्र का एक माला जाप हनुमान जयंती व मंगलवार को करना शुभ होता है।
- 5 देसी घी के रोट का भोग हनुमान जयंती पर लगाने से दुश्मनों से मुक्ति मिलती है।
- व्यापार में वृद्धि के लिए हनुमान जयंती को सिंदूरी रंग का लंगोट हनुमानजी को पहनाइए।
- हनुमान जयंती पर मंदिर की छत पर लगाइए लाल झंडा और आकस्मिक संकटों से मुक्ति पाइए।
- तेज और शक्ति बढ़ाने के लिए हनुमान जयंती के दिन हनुमान चालीसा, बजरंग बाण, सुंदरकांड, रामायण, राम रक्षा स्तोत्र का पाठ करें।

हनुमान भगवान शिवजी के ११वें रुद्रावतार, सबसे बलवान और बुद्धिमान माने जाते हैं। ज्योतिषीयों के सटीक गणना के अनुसार हनुमान जी का जन्म 1 करोड़ 85 लाख 58 हजार 112 वर्ष पहले चैत्र पूर्णिमा को मंगलवार के दिन चित्र नक्षत्र व मेष लग्न के योग में सुबह 6 .03 बजे हुआ था।

शनि कृपा के लिए आजमाएं ये सात उपाय

शनिवार का व्रत करने वाले शनिभक्त को प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करके शनिदेव की प्रतिमा की विधि-विधान से पूजन करनी चाहिए। ऐसा करने से शनिदेव भक्त पर अपनी कृपा बरसाते है।

» शनिदेव वैसे तो अपनी पूजा मात्र से ही खुश हो जाते है पर आप कुछ अन्य उपाय आजमाकर शनिदेव की कृपा के अनुयायी बन सकते है।

» शनि महाराज की पूजा के पश्चात राहु और केतु की पूजा भी करनी चाहिए।

» शनि भक्त इस दिन शनि मंदिर में जाकर शनि देव को नीले लाजवंती का फूल, तिल, तेल, गुड़ अर्पण करना चाहिए। शनि देव के नाम से दीप प्रज्वलित करना चाहिए।

» शनिदेव की पूजा के पश्चात उनसे अपने अपराधों एवं जाने-अनजाने जो भी आपसे पाप कर्म हुआ हो उसके लिए क्षमा याचना करनी चाहिए। इस दिन शनि भक्तों को पीपल में जल देना चाहिए और पीपल में सूत्र बांधकर सात बार परिक्रमा करनी चाहिए।

» शनि की शांति के लिए नीलम को तभी पहना जा सकता है।

» शनिश्वर के भक्तों को संध्याकाल में शनि मंदिर में जाकर दीप भेंट करना चाहिए और उड़द दाल में खिचड़ी बनाकर शनि महाराज को भोग लगाना चाहिए। शनिदेव का आशीर्वाद लेने के पश्चात आपको प्रसाद स्वरूप खिचड़ी खाना चाहिए।

» काली चीटियों को गुड़ एवं आटा देना चाहिए।

प्रेरक प्रसंग

मेहनत की कमाई

काशी में एक कर्मकांडी पंडित का आश्रम था, जिसके सामने एक मोची बैठता था। वह जूतों की मरम्मत करते वक्त कोई न कोई भजन गाता रहता था लेकिन पंडितजी का ध्यान कभी भी उसके भजन की तरफ नहीं जाता था।

एक बार पंडित जी बीमार पड़ गए और उन्होंने बिस्तर पकड़ लिया। उस समय उनका ध्यान मोची के भजनों की तरफ गया। पंडित जी का मन रोग की तरफ से हटकर भजनों की तरफ चला गया। धीरे-धीरे उन्हें महसूस हुआ, कि जूते गांठने वाले के भजन सुनते-सुनते उनका दर्द कम हो रहा है।

एक दिन एक शिष्य को भेजकर उन्होंने मोची को बुलवाया और कहा 'भाई तुम तो बहुत अच्छा गाते हो। मेरा रोग बड़े-बड़े वैद्यों के इलाज से भी ठीक नहीं हो रहा था लेकिन तुम्हारे भजन सुनकर मैं ठीक होने लगा हूं।'

उन्होंने उसे सौ रुपये देते हुए कहा 'तुम इसी तरह गाते रहना।' रुपये पाकर मोची बहुत खुश हुआ। लेकिन पैसा पाने के बाद से उसका मन कामकाज से हटने लगा। वह भजन गाना भूल गया। दिन-रात यही सोचने लगा कि रुपये को संभालकर कहां रखे। काम में लापरवाही के कारण उसके ग्राहक भी उस पर नाराज रहने लगे।

धीरे-धीरे उसकी दुकानदारी चौपट होने लगी। उधर भजन बंद होने से पंडित जी का ध्यान फिर रोग की तरफ जाने लगा। उनकी हालत फिर बिगड़ने लगी। एक दिन अचानक मोची पंडित जी के पास पहुंचकर बोला 'आप अपने पैसे वापस रख लीजिए।' पंडित जी ने पूछा 'क्यों, क्या किसी ने तुमसे कुछ कहा?' मोची बोला 'कहा तो नहीं, लेकिन इन पैसों को अपने पास रखूंगा तो आप की तरह मैं भी बिस्तर पकड़ लूंगा। इसी रुपये ने मेरा जीना हराम कर दिया। मेरा गाना भी छूट गया। काम में मन नहीं लगता, इसलिए कामकाज ठप हो गया। मैं समझ गया कि अपनी मेहनत की कमाई में जो सुख है, वह पराये पैसों में नहीं है। आपके धन ने तो परमात्मा से भी नाता तुड़वा दिया।

अगर आप भी खाते हैं रोज पपीता तो हो जायें सावधान

पपीता एक ऐसा फल है, जो साल के बारह महीने पाया जाता है। नाश्ते में इस फल का सेवन करने से आपको कई फायदे होंगे। पपीते में कार्बोहाइड्रेट, फाइबर, प्रोटीन, विटामिन सी, विटामिन ए, विटामिन B9, पोटेशियम और मैग्नीशियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो सेहत के लिए फायदेमंद है। पपीते में पपेन नाम का एंजाइम के साथ हेल्दी-एंटीऑक्सीडेंट का बेहतरीन स्रोत पाया जाता है जिसे हम कैरोटेनॉइड्स कहते हैं। पपीता का सेवन दिल की सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है। लेकिन क्या आप जानते हैं कुछ बीमारियों से पीड़ित लोग इस फल का बिलकुल भी सेवन नहीं कर सकते हैं। चलिए हम आपको बताते हैं कि किन बीमारियों के पीड़ित के लिए ये फल खतरनाक है।

एसिडिटी बढ़ाए

गैस को दूर करने के लिए अक्सर लोग पपीता रोज़ खाते हैं लेकिन आप जानते हैं कि पपीता आपके पाचन को सुधारने के बजाए आपका पाचन बिगाड़ देता है। इसका लगातार सेवन आपकी सेहत को बिगाड़ सकता है।

डायरिया के हो सकते हैं शिकार

कुछ लोग पाचन दुरुस्त करने के लिए रोजाना पपीता खाते हैं। आप जानते हैं कि रोजाना पपीता का सेवन आपको डायरियां की बीमारी कर सकता है। आप पपीता का सेवन पाचन को ठीक करने के लिए करते हैं तो रोज नहीं खाएं ये डायरिया का कारण बन सकता है।

प्रेग्नेंसी में जहर है पपीता

प्रेग्नेंट महिलाएं भूलकर भी पपीता का सेवन नहीं करें। पपीता गर्भपात का कारण बन सकता है। कई रिसर्च में ये बात सामने आई है कि प्रेग्नेंसी के दौरान अगर मां पपीता खाती है तो उसके गर्भपात होने के चांस बढ़ने लगते हैं।

गर्मी में बच्चों को पिलाएं ये हेल्दी ड्रिंक्स रहेंगे पूरे दिन एनर्जेटिक और हाइड्रेटिड

